प्रादेशिक समाचार

दिनांक–16.07.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– इस योजना से देश के 100 जिलों में बढ़ेगी कृषि उत्पादकता, 1 करोड़ 70 लाख किसानों को मिलेगा लाभ।
- बोकारो मे आज हुई मुठभेड़ में 5 लाख का इनामी नक्सली कुंवर मांझी समेत दो उग्रवादी मारे गए, मौके से ए के–47 समेत नक्सली सामग्री बरामद, राज्यपाल संतोष गंगवार ने शहीद सीआरपीएफ जवान को दी श्रद्धांजलि।
- झारखंड में निकाय चुनाव की तैयारियां तेज, अक्टूबर–नवंबर में चुनाव की संभावना, हजारीबाग में राज्य पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष ने कहा – ओबीसी आरक्षण के लिए ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया अंतिम चरण में।
- जामताड़ा के 72 स्कूलों में बनेंगे साइबर सुरक्षा क्लब, साइबर अपराध रोकथाम को लेकर मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण जारी।
- मौसम विभाग ने राज्य के छह जिलों में जारी किया बारिश का येलो अलर्ट, पलामू, गढ़वा, लोहरदगा, चतरा और कोडरमा मे कल भारी बारिश और वज्रपात की आशंका, आज कोडरमा में वज्रपात से दो की मौत।

*****************

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना को मंज़ूरी दे दी है। इस योजना का उद्देश्य फसलों में विविधता लाने और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना, कटाई के बाद भंडारण क्षमता बढ़ाना, सिंचाई सुविधाओं में सुधार और ऋण की उपलब्धता को सुगम बनाना है। नई दिल्ली में आज मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत देश में सौ ज़िलों की पहचान की जाएगी, जो कम उत्पादकता, कम फसल सघनता और कम ऋण वितरण–पर आधारित होंगे।

प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना को कैबिनेट मंजूरी मिलने पर हजारीबाग के किसानों ने खुशी जताते हुए प्रधानमंत्री मोदी का आभार प्रकट किया। किसानों ने कहा कि यह योजना खेती में बड़ा बदलाव लाएगी और किसानों को आत्मनिर्भर बनाएगी।

*****************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज रांची के धुर्वा स्थित सीआरपीएफ की 133वीं बटालियन पहुँचकर बोकारो में नक्सली मुठभेड में शहीद जवान प्राणेश्वर कोच को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होने कहा कि हमारे सुरक्षा बलों का योगदान राष्ट्र कभी नहीं भूल सकता।

गौरतलब है कि जवान आज बोकारो जिले के गोमिया क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान शहीद हुए थे। इस मुठभेड़ में 5 लाख रूपये का इनामी सब जोनल कमांडर कुंवर मांझी सहित दो नक्सली मारे गए, जबकि कोबरा 209 बटालियन का एक जवान शहीद हो गया। मुठभेड़ के बाद चलाए गए सर्च अभियान में एक ए के –47, मैगजीन और अन्य नक्सली सामग्री बरामद हुई है। पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने बताया कि क्षेत्र में सर्च अभियान अभी भी जारी है।

*****************

झारखंड में निकाय चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं और अक्टूबर–नवंबर तक चुनाव संपन्न होने की संभावना है। हजारीबाग पहुंचे राज्य पिछडा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी यादव ने बताया कि ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने उच्च स्तरीय बैठक की और पांच वार्डों का भौतिक सत्यापन भी किया।

*****************

झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 24 जुलाई को दोपहर बाद 4 बजे झारखंड मंत्रालय स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में आयोजित की जाएगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने आज इसकी जानकारी दी है।

*****************

देवघर राजकीय श्रावणी मेला में श्रद्धालुओं का आना लगातार जारी है। उपायुक्त नमन प्रियेष लकड़ा ने बताया कि देवघर आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिलेगी।

और जानकारी

*****************

कोडरमा–गया रेलखंड पर बसकटवा हाल्ट के पास भूस्खलन से रेल ट्रैक पर मलबा गिरने से अप लाइन पर परिचालन घंटों बाधित रहा, हालांकि मलबा हटने के बाद रेल संचालन बहाल कर दिया गया है। कोडरमा के डोमचांच थाना क्षेत्र के घरबरियाबर गांव में आज खेत में काम के दौरान एक पिता और उसकी 15 वर्षीय पुत्री वज्रपात के चपेट मे आ गए । घटना के बाद दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई।

*****************

इधर लातेहार में लगातार 14 घंटे से हो रही बारिश के कारण बारेसांढ़ घाटी में भूस्खलन हो गया, जिससे लातेहार–महुआडांड़ सड़क पूरी तरह बंद हो गई है। एसडीएम विपिन कुमार दुबे के निर्देश पर मलबा हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है और जल्द ही यातायात बहाल होने की संभावना है।

*****************

मौसम विभाग ने राज्य के छह जिलों में कल भारी बारिश और वज्रपात की आशंका को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। इन में पलामू, गढ़वा, कोडरमा, लोहरदगा, चतरा और कोडरमा ज़िला शामिल हैं। पिछले 24 घंटों में राज्य में सबसे अधिक 187 दशमलव 2 मिलीमीटर बारिश साहिबगंज के राजमहल में दर्ज की गई। वहीं राजधानी रांची में नौ मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

******समाप्त*******